### एक नजर में



## गौरझामर में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**सागर.** एडिना कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस नया भारत की थीम पर मनाया गया. डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार जैन और चेयरमैन राजेश जैन ने ध्वजारोहण किया. समारोह में इंजी. रोहित जैन, इंजी. सुयश जैन, प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. प्रतीक जैन, डॉ. विवेक जैन, रजिस्ट्रार अशोक सेन, आनंद तिवारी, अनिल सोनी उपस्थित रहे. संचालन डॉ. हर्षिता जैन ने किया.




## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शिशु मंदिर में कार्यक्रम

**गौरझामर.** सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया. नन्हे मुन्ने भैया/बहनों द्वारा श्रीकृष्ण की विविध स्वरूप की झांकी तैयार की गई. मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद पांडे, समिति के सचिव प्रेमनारायण साहू, सहसचिव कमला कारपेंटर, कोषाध्यक्ष शशिकांत शेंड्ये, प्राचार्य मुन्नालाल होलकर, प्रधानाचार्य श्रीमति कपिल पाठक उपस्थित रहे .



## तपोवन तीर्थ क्षेत्र में ध्वजारोहण किया गया

**सागर.** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा मुख्य अतिथि वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेंद्र जैन एवं शाखा अध्यक्ष सुरेश जैन द्वारा तपोवन तीर्थक्षेत्र सिदगुवां में ध्वजारोहण किया एवं अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा देव शास्त्र गुरु एवं तीर्थ संरक्षण की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर राजेश जैन, पीसी जैन, पवन जैन, अशोक जैन, जिनेश जैन, संजय जैन, प्रमोद भाईजी, वीरेंद्र जैन, विनीत परिधान, आनंद जैन, वीरेंद्र प्रधान, अनिल जैन कर्रापुर, डॉ. समीर जैन, विमल जैन, आनंद जैन, रोहित जैन, मणी जैन, रीता जैन, हर्षिता सिंघई, डा. आसमा जैन, सीमा जैन, रश्मि जैन ,कल्पना जैन, संगीता जैन, अर्चना जैन मौजूद थे.



## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**सागर.** स्वतंत्रता दिवस पर बिजली कंपनी के मकरोनिया कार्यालय कैंपस में मुख्य अभियंता देवेंद्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया. उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर, नंदराम अहिरवार, किशोरीलाल रैकवार, राजाराम पाराशर ने भी संबोधित किया.



## नपा मकरोनिया में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**सागर.** नगर पालिका परिषद मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार ने नगर पालिका परिषद मकरोनिया प्रांगण में ध्वजारोहण किया .इस दौरान पार्षद बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, नरेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, निशांत आठिया, राजा रिछारिया, सोनू यादव, दिनेश दक्ष, जयंती मौर्य, संगीता सिंह, सीएमओ पवन शर्मा, सत्यम देवलिया, वर्षा साहू उपस्थित रहे. संचालन नरेंद्र रोहित ने किया.



## बोर्ड परीक्षा के मेधावी बच्चों का सम्मान किया

**सागर.** मुकुंदनगर सूबेदार वार्ड स्थित पर्ल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. ध्वजारोहण संचालक धर्मेन्द्र शर्मा, प्राचार्या सुलभा देऊस्कर, उप प्राचार्या सुरभि चंदेल द्वारा किया गया. इस दौरान बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा पांचवी, आठवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. शिक्षिका अनुराधा तिवारी के निर्देशन तैयार नृत्य की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई. संचालन गरिमा चौरसिया एवं कृतिका सोनी ने किया .

## 14 बंदियों को रिहा किया गया

**सागर.** स्वतंत्रता दिवस पर केन्द्रीय जेल से आजीवन कारावास के 13 पुरुष +01 महिला कुल 14 दंडित बंदियों को रिहा किया जायेगा. रिहा होने वाले बंदियों में अर्जुन कुर्मी, रामनाथ यादव, गुटरू अहिरवार, गोपीलाल सिंह, हल्के उर्फ भगत दांगी, डग्गीराज बुंदेला, नरेंद्र अहिरवार, राजेश विश्वकर्मा, हरिराम साहू, गुडडू साहू, कोमल साहू, मुन्ना साहू शामिल है.

# परेड की सलामी लेकर ध्वजारोहण

## पीटीसी ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर संदीप जी.आर ने परेड की सलामी लेकर ध्वजारोहण किया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन हुआ.**

स्वाधीनता दिवस समारोह में परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक प्रतीभा जैन के नेतृत्व में परेड सशस्त्र जेएनपीए, जिला पुलिस बल महिला, पुलिस प्रशिक्षण बल पुरूष, परेड नि-शस्त्र - 7 एमपी एनसीसी बालिका, 11 एमपी एनसीसी बालक, शौर्य दल सागर एवं पुलिस बैंड प्लाटून द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया. समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशप्रेम से ओत प्रोत रंगारंग



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. स्वाधीनता दिवस समारोह में समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया. कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. सांस्कृतिक प्रस्तुति करने वाले लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल स्कूल सागर, सीएम राइज एमएलबी क्रमांक 1 सागर एवं शास. उ.मा.वि. की छात्र-छात्राओं एवं मार्च पास्ट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया.

इस अवसर पर सासंद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कमिश्नर अनिल सुचारी, उप पुलिस महानिरीक्षक सुनील पांडे, सीसीएफ रिपुदमन सिंह भदौरिया, एसपी विकास शाहवाल, पूर्व विधायक नारायण प्रसाद कबीरपंथी, हरीराम सिंह, सर्वजीत सिंह, शारदा खटीक, जिपं सीईओ विवेक केवी, डीएफओ दक्षिण वरूण यादव, प्रशिक्षु आईएफएस जयप्रकाश, अपर कमिश्नर पवन जैन, निगमायुक्त नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, एसडीएम अदिति यादव मौजूद थी. संचालन अरविंद जैन एवं श्रीमती रचना तिवारी ने किया.

# पूर्व पार्षद महेश शहर और भूपेंद्र ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

नवभारत न्यूज

**सागर 16 अगस्त. कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत रायशुमारी के दो माह बाद सागर जिले में शहर और ग्रामीण अध्यक्ष बदल दिए गए हैं. शहर कांग्रेस की जिम्मेदारी पूर्व पार्षद एवं ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव को सौंपी गई है. तो वहीं ग्रामीण कांग्रेस की जिम्मेदारी भूपेंद्र सिंह मुहासा को सौंपी गई है.**

मालूम हो कि गुजरात में संगठन सृजन के तहत पायलेट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद मप्र में भी अभियान मई माह में शुरु किया गया जिसके तहत राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त कर जिलों में कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. जिसके





तहत ही उड़ीसा के पूर्व मंत्री सरत राऊत एवं मप्र के पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने सागर जिले में छह दिन प्रवास कर चर्चा और मंथन कर वन टू वन के बाद अपनी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी थी. जिसके बाद ही आज शनिवार को कांग्रेस द्वारा अधिकृत सूची जारी कर दी गई. जिसमें पूर्व पार्षद एवं ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव को शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है तो भूपेंद्र सिंह मुहासा को ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है. मालूम हो कि अभी तक पूर्व सांसद डॉ. आनंद अहिरवार ग्रामीण और राजकुमार पचौरी शहर कांग्रेस अध्यक्ष थे.



## आईजी सम्मानित

**सागर.** आईजी श्रीमती हिमानी खन्ना को विशिष्ट सेवा के लिए भारत सरकार के सर्वोच्च पुलिस सम्मान राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया. भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईजी हिमानी खन्ना को यह प्रतिष्ठित पदक लगाकर सम्मानित किया. श्रीमती खन्ना, 2006 बैच की भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं.

# बुंदेलखंड के समग्र विकास में कसर नहीं छोड़ूंगा

नवभारत न्यूज

**सागर 16 अगस्त. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सागर और बुंदेलखंड के समग्र विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा. सुरखी और बुंदेलखंड को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मैं संकल्पित हूं. आने वाला समय इस क्षेत्र के लिए नई समृद्धि और प्रगति का साक्षी बनेगा.**

मंत्री श्री राजपूत ने जन्माष्टमी पर गौशाला में पूजा-अर्चना की. श्री



राजपूत के जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रम में सभी से भेंट की. सुरखी विधानसभा के राहतगढ़, बिलहरा, जैसीनगर, सीहोरा सहित अन्य मंडलों से कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी श्री राजपूत को बधाई देने पहुंचे. इस दौरान सांसद लता वानखेड़े, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र जैन, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी लंबरदार, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बीना विधायक निर्मला सप्रे, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व बंडा विधायक हरवंश सिंह राठौर, पूर्व खुरई विधायक अरुणोदय चौबे, पूर्व महापौर अभय दरे, सहित संभागीय कमिश्नर अनिल सुचारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, डीपीओ भरत सिंह राजपूत ने शुभकामनाएं दीं. इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष राहतगढ़ गुलाब सिंह राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया.

## वर्णी कॉलोनी में विधान शुरू

**सागर.** वर्णी कालोनी में मुनिश्री विमल सागर और मुनिश्री अनंत सागर महाराज के सानिध्य में वर्णी कॉलोनी में सिद्धचक्र महामंडल विधान घट यात्रा और ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हो गया पहले दिन सिद्धो की आराधना करते हुए 8 अर्घ चढ़ाए गए. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि पहले देव आज्ञा के बाद गुरु आज्ञा ली फिर सभी प्रमुख पात्र और सामान्य इंद्र इंद्राणियों ने घटयात्रा निकाली 9.40 बजे ध्वजारोहण ममता राजेश जैन, राजकुमार जैन के द्वारा किया गया. विधान के दूसरे दिन 16 अर्घ चढ़ाए जाएंगे. मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे.

# जन्माष्टमी पर महासभा ने निकाली वाहन रैली

नवभारत न्यूज

**सागर 16 अगस्त. जिला यादव महासभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर वाहन रैली का आयोजन किया गया.**

रिमझरिया मंदिर परिसर में पूजन करते हुए इस वाहन रैली को गौरी यादव, सुधीर यादव, डॉ राजेंद्र यादव, बब्बू यादव एवं जिला यादव महासभा अध्यक्ष शिव शंकर यादव के नेतृत्व में जिला यादव महासभा की इस रैली में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर विभिन्न स्थानों से होते हुए खेर माई मंदिर सदर परिसर में आमसभा के रूप में समापन हुआ. इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन भी पहुंचे.



रैली समापन अवसर नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव ने बताया कि 17 अगस्त को सदर 15 मुहाल राधे कृष्णा मंदिर से यादव समाज द्वारा निकलने वाले चल समारोह में सभी से शामिल होने आह्वान किया. इस अवसर पार्षद रुपेश यादव, जितेंद्र सिंह रोहण, वेदिक वानखेड़े, महाते जगदीश ग्वाल, अमित यादव, अतुल यादव, डॉ इंद्रजीत यादव, अनिमेश यादव, मुकेश यादव, श्याम यादव, कार्तिकेय सिंह रोहण, चंदन यादव, अनिकेत यादव, प्रमोद यादव, सचिन यादव, हुकुम यादव, विकम यादव, माखन लंबरदार, गोपीलाल यादव, संजय मोंटी यादव, चन्द्रभान यादव, आफीसर यादव, जितेन्द्र यादव, गोलू यादव, सतीश यादव, मुन्ना यादव, पप्पू यादव मौजूद थे.

## प्रश्न मंच आज

**सागर.** श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहानगर में विराजमान ऐलक दयासागर महाराज के सानिध्य में रक्षाबंधन पर्व की कथा पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन 17 अगस्त रविवार को प्रात: काल में रखा गया है. मंदिर कमेटी अध्यक्ष नीलेश जैन एवं महामंत्री संजय जैन ने बताया कि प्रात: 7.45 बजे से श्रीजी का अभिषेक होगा. मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कार्यक्रम ब.ब्र.अजय भैया एवं ब्र.संजय भैया के निर्देशन में किया जावेगा. प्रश्न मंच में 25 प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतियोगियों को बंपर उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा.

# आदिनाथ कॉलेज में कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 16 अगस्त. भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वतंत्रता दिवस पर प्रबंधक प्रदीप जैन एवं प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन ने ध्वाजारोहण किया.**

पुस्तकालय अध्यक्ष अनुज हुडैत, अमित जैन, मधु जैन, बृजमोहन वर्मा, राम सेवक चंद्राकर, डॉ विनीत जैन ने संबोधित किया. संचालन प्रीति जैन ने किया.रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल में पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस अवसर पर प्रो. शर्मा को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. संचालन आरपी सिंह, प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया.

## ध्वजारोहण कार्यक्रम

**शाहगढ़.** तहसील क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. जगह-जगह ध्वजारोहण किया गया. पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी संदीप खरे ने ध्वजारोहण किया गया. तहसील कार्यालय एवं कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय में तहसीलदार जीसी राय ने ध्वजारोहण किया. न्यायालय परिसर में न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया. नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राधा खटीक, जनपद अध्यक्ष मनीष यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ एसके मनकेले, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बीईओ अशोक तिवारी ने ध्वजारोहण किया. ग्राम पंचायत अमरमऊ, बराज , सेमरा सानोधा, सिमरिया कला, झडोला, सासन, जासोडा, बरायठा, कानीखेड़ी कला, तिगोड़ा, बीलाग्राम में ध्वजारोहण हुआ.

# नपा ने 650 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**रहली 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर कर्तव्य निष्ठ कर्मचारी, प्रतिभावान विद्यार्थियों,शहीदों के परिजन सम्मानित किये गए.**

स्कूली विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली. सरस्वती शिशु मंदिर में समिति अध्यक्ष शरद सराफ ने ध्वजारोहण किया. राष्ट्रगान के पश्चात व्यवस्थापक यशवंत सिंह ठाकुर, प्रकाशचंद मिश्रा एड. शरद सराफ, मनीष मिश्रा, श्रीमती स्वपना सराफ प्रफुल्ल सिंघई, अजित जैन, पूर्व प्रधानाचार्य प्रताप सिंह ठाकुर, हरिसिंह ठाकुर ने शुभारंभ किया. संचालन श्रीमती रश्मि पटैरिया, नैनसी विश्वकर्मा ने किया. स्कूल विभाग प्रमुख ममता दीदी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया.




सार्वजनिक उत्सव में जनपद अध्यक्ष रश्मि कपस्या ने ध्वजारोहण किया. नवागत एसडीएम कुलदीप पराशर एवं एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी स्वाति दुबे ने कर्मचारियों को सम्मानित किया. अतिथियों ने शहीद आबिद खान के माता-पिता को सम्मानित किया. वहीं विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया. स्कूल विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत कार्यक्रमों में संदीपनि स्कूल प्रथम रहे. नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने सीएमओ अजय गुमास्ता के साथ शहीद श्रीकांत पोद्दार स्मारक पर ध्वजारोहण किया. सिविल न्यायालय में न्यायाधीश सुभ्रा सिंह, थाना प्रभारी अनिल तिवारी,स्वास्थ्य केंद्र डा बसंत नेमा, स्लिम डिस्पेंसरी डा संदीप असाटी, को-आपरेटिव बैंक मनीषकांत जैन,रहली सोसायटी अटल भरद्वाज,सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य विजय पचौरी, बीईओ आफिस स्वाति दुबे, कन्या स्कूल श्रीमति रेखा चौरसिया चौरसिया,वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष समीर जैन एवं महिला अध्यक्ष प्रियंका मलैया ने ध्वजारोहण किया.

## हस्तनिर्मित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई

**ललितपुर.** भारतीय सशक्तिकरण का प्रदर्शन विषय पर बचपन और एजुकेशन प्लस के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई. प्रबंधक स्वप्निल बरया ने बच्चों आजादी का अर्थ बताया. कार्यक्रम में, सभी नन्हे-मुन्नों ने प्रदर्शन किया. इस गैलरी में बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित चित्र पूरे स्कूल में प्रदर्शित किए गए हैं. यह प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण थी. भारतीय सशक्तिकरण की प्रदर्शनी का आयोजन किया.





स्वतंत्रता दिवस

की समस्त नागरिकों को

शुभकामनाएँ

शुभेच्छुः समीर जैन अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन रहली इकाई



स्वतंत्रता दिवस

की समस्त नागरिकों को

शुभकामनाएँ

शुभेच्छुः श्रीमती रेखा चौरसिया प्राचार्य कन्या उ.मा.शा. रहली

सुदर्शन डिग्री कॉलेज, बांसी, ललितपुर

आवश्यकता है प्रवक्ताओं की

1. बी.एस.सी. कृषि: 10 पद,
2. बी.ए. : हिंदी साहित्य, समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र,
3. बी.कॉम.: 02 पद
4. बी.एड. : 10 पद
5. एम.ए. समाजशास्त्र: 01 पद, हिंदी: 01 पद
6. डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) : 08 पद (विभागाध्यक्ष सहित)
7. कम्प्यूटर ऑपरेटर: 01 पद

नोट: यू.जी.सी./ए.एस.आर.बी./परीक्षा नियामक प्राधिकारी के मानकानुसार अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने के 07 दिनों के अंदर समस्त मूल दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति कार्यालय में जमा करें।

प्रबंधक 7007822107

प्राचार्य 9415057909





डॉ मोहन यादव
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन

श्री भूपेंद्र सिंह
विधायक खुरई

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2025

के पुनीत पर्व पर समस्त नागरिकों का नगर पालिका परिषद खुरई

हार्दिक अभिनंदन करती है

नगर पालिका परिषद खुरई आम नागरिकों से अपील करती है

1. अपना संपत्तिकर एवं जलकर समय पर जमा करें।
2. गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखें। रहवासी/दुकान/प्रतिष्ठान पर 02 डस्टबिन का उपयोग करें, कचरा रोड व नाली में न डालें।
3. कचरा यहाँ-वहाँ खुले में न फेकें, कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें एवं अपने शहर को स्वच्छ बनाएं।
4. 75 माइक्रोन से कम मोटाई का एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित हैं, कप व जूट से बने थैले का उपयोग करें।
5. मटका कम्पोस्टि, ग्रीनबिन कम्पोस्ट का उपयोग कर घर से निकलने वाले गीले कचरे से घर ही खाद बनाकर पेड़-पौधों में उपयोग करें।
6. खुले में शौच न करें, अपने घर में बनें शौचालय का उपयोग करें एवं सार्वजनिक शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों का उपयोग करें।
7. निकाय से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा प्राप्त कर ही भवन निर्माण करें, बिना अनुमति अवैध निर्माण न करें।
8. निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाला बिल्डिंग मटेरियल रोड एवं नाली के ऊपर न रखें, नगर पालिका द्वारा निर्माण एवं विध्वंस मटेरियल उठाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है एवं शुल्क निर्धारित किया गया है, इस हेतु नगर पालिका परिषद में संपर्क करें।





नन्हीबाई अहिरवार
अध्यक्ष, नपा खुरई

राहुल चौधरी
उपाध्यक्ष नपा खुरई

समस्त पार्षदगण/अधिकारी/कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद खुरई जिला सागर म.प्र.